**MAANY**

# मास्टर ऑफ आर्ट्स (मानवविज्ञान)
# प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम (अनिवार्य)

## सत्रीय कार्य
## जनवरी 2026 सत्र

## प्रथम सेमेस्टर

MAN 101: मानवविज्ञान का परिचय
MAN 102: भौतिक/जैविक मानवविज्ञान
MAN 103: सामाजिक और सांस्कृतिक मानवविज्ञान
MAN 104: पुरातात्विक मानवविज्ञान
MAN 105: भारत में जनजातियाँ

ignou
THE PEOPLE'S UNIVERSITY

मानवविज्ञान संकाय,
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

## प्रोग्राम कोड: MAANY

## सत्रीय कार्य - जनवरी 2026 सत्र

प्रिय शिक्षार्थी

आपने मास्टर ऑफ आर्ट्स (मानवविज्ञान) (MAANY) के कार्यक्रम मार्गदर्शिका (प्रोग्राम गाइड) को अवश्य पढ़ा होगा और ध्यान दिया होगा कि प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए सत्रीय कार्य अनिवार्य है। प्रत्येक सत्रीय कार्य पूरे पाठ्यक्रम को कवर करते हुए तैयार किया गया है।

अपने उत्तरों को अपने शब्दों में लिखना आपके लिए अधिक लाभदायक होगा क्योंकि इससे स्पष्टता आती है। उत्तर देते समय एक और महत्वपूर्ण बात जिसका आपको ध्यान रखना चाहिए वह है शब्द सीमा। सत्रीय कार्य में विभिन्न प्रकार के प्रश्न हैं, दीर्घ उत्तर (20 अंक) और लघु उत्तर (10 अंक)। प्रश्नों को इस प्रकार तैयार किया गया है कि आप व्यवस्थित और सुबोध ढंग से उत्तर दे सकें। इन सत्रीय कार्य को शुरू करने से पहले किसी भी संदेह को दूर करने या अपने उत्तरों पर चर्चा करने के लिए शिक्षार्थी सहायता केंद्रों में अपने शैक्षणिक परामर्शदाताओं से परामर्श करना उचित है। सत्रीय कार्य हमारी वेबसाइट (https://www.ignou.ac.in/studentService/download/assignments) से प्राप्त किए जा सकते हैं।

सत्रीय कार्य आपके शिक्षार्थी सहायता केंद्र (लर्नर सपोर्ट सेंटर) के समन्वयक (क्रोऑर्डिनेटर) को जमा करना अनिवार्य है। कुछ अध्ययन केंद्र ईमेल, गूगल फॉर्म या अन्य डिजिटल माध्यमों से भी सत्रीय कार्य स्वीकार करते हैं। इसलिए छात्रों को अपने क्षेत्रीय केंद्र/अध्ययन केंद्र के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है। जमा किए गए सत्रीय कार्य की फोटोकॉपी हमेशा अपने पास रखें। सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद सत्रीय कार्य आपको वापस कर दिए जाएंगे। शिक्षार्थी सहायता केंद्र (लर्नर सपोर्ट सेंटर) IGNOU के छात्र मूल्यांकन विभाग को अंक भेजता है और ये अंक आपके ग्रेड कार्ड में दर्ज किए जाएंगे।

# <u>सत्रीय कार्य करने के लिए दिशानिर्देश</u>

सत्रीय कार्य करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है:

<u>योजना:</u> सत्रीय कार्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट करें और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित करें।

<u>संगठन:</u> अपने उत्तर की रूपरेखा तैयार करने से पहले सावधानी, चयन और विश्लेषण करें। लंबे उत्तरों में, प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। प्रस्तावना में प्रश्न की संक्षिप्त समझ और फिर उसे आगे बढ़ाने का तरीका होना चाहिए। निष्कर्ष में आपके प्रश्न के उत्तर का सारांश होना चाहिए। उत्तर सटीक, स्पष्ट, शब्द सीमा के भीतर होना चाहिए और विषय की आपकी समझ को व्यक्त करना चाहिए।

<u>प्रस्तुति:</u> जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएं, तो आप जमा करने के लिए अंतिम संस्करण लिख सकते हैं; प्रत्येक उत्तर को साफ-सुथरा लिखें और उन बिंदुओं को हाइलाइट/अंडरलाइन करें जिन पर आप जोर देना चाहते हैं।

मानवविज्ञान संकाय,

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,

इग्नू, दिल्ली – 110 068

## सत्रीय कार्य जमा करना

सत्रांत परीक्षा (टर्म एंड परीक्षा) से पहले, निर्धारित समय पर सत्रीय कार्य जमा करना अनिवार्य है। इसलिए नियमों का पालन करना उचित है। प्रथम सेमेस्टर में कुल पाँच सत्रीय कार्य जमा करने होते हैं। एक समय में एक ही सत्रीय कार्य करें। इस तरह योजना बनाएं कि आप पढ़े गए पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य पूरा कर सकें। सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में जमा करें और काउंसलर से अंक और टिप्पणियाँ प्राप्त करें। इससे आपको उस विशेष पाठ्यक्रम की तैयारी का अंदाजा हो जाएगा। पर्याप्त समय है, बस सभी सत्रीय कार्य समय पर पूरे करने की योजना बनाएं। अंतिम तिथि से पहले कार्य पूरा करने के लिए उचित योजना और विवेकपूर्ण क्रियान्वयन आवश्यक है।

### सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि

**जनवरी 2026 सत्र के लिए:** **30 सितंबर, 2026**

सत्रीय कार्य शिक्षार्थी सहायता केंद्र के समन्वयक को जमा किया जाना चाहिए।

# MAN-104 : पुरातात्विक मानवविज्ञान

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (TMA)
पाठ्यक्रम कोड: MAN-104
सत्रीय कार्य कोड: MAN-104/AST/TMA/2026
कुल अंक: 100

नोट: इसमें दो खंड 'क' और 'ख' हैं। कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दें और प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्न हल करें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। 20 अंकों के लिए शब्द सीमा 500 शब्द है और 10 अंकों के लिए 250 शब्द है।

## खंड क

**1.** पुरातात्विक मानवविज्ञान की परिभाषा दीजिए। इसके प्रमुख विभागों पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए। **20**

**2.** निम्न पुरापाषाण संस्कृति के औज़ारों के प्रकारों एवं तकनीकों की चर्चा कीजिए। **20**

**3.** तिथि निर्धारण विधि क्या है? निरपेक्ष तिथि-निर्धारण की किसी दो विधियों की चर्चा कीजिए। **20**

**4.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: **10+10**

क) पुरातात्विक स्थल

ख) मौस्टेरियन संस्कृति

## खंड ख

**5.** नवपाषाण संस्कृति क्या है? इसे 'क्रांति' क्यों कहा जाता है? चर्चा कीजिए। **20**

**6.** उपयुक्त भारतीय उदाहरणों सहित हड़प्पा सभ्यता की विशेषताओं की चर्चा कीजिए। **20**

**7.** मेगालिथिक संस्कृति क्या है? भारतीय जनजातियों में मेगालिथिक संस्कृति की चर्चा कीजिए। **20**

**8.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: **10+10**

क) आहड़ संस्कृति

ख) गृह कला

~~~~~
~~~~~